रविवार
25 सितम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



तार तार हो रहा परिवहन नियम 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

शहर के कार्यक्रम

- कृषि टास्क फोर्स की बैठक, कलेक्ट्रेट सभागार सुबह 10:00 बजे
- जिला निबन्धन एवं परामर्श केन्द्र का निरीक्षण करेंगे जिलाधिकारी सुबह 10:30 बजे

शहर छोटी खबरें

रंगदारी मांगने वाला वांटेड गिरफ्तार

आरा । टाउन थाना की पुलिस द्वारा हार्डवेयर दुकानदार से रंगदारी मांगने और फायरिंग करने में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। थाना इंचार्ज के अनुसार वह धरहरा निवासी रंजीत महतो बताया जा रहा है। नगर पुलिस के अनुसार पिछले साल 14 अक्टूबर को आमिर टोला निवासी हार्डवेयर दुकानदार रिंकू कुमार महतो को कॉल हथियार खरीदने के लिए रंगदारी की मांग की गई थी। उसके बाद दुकान पर पहुंच कर फायरिंग भी की गई। उसे लेकर दुकानदार की ओर से बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी।

स्टेनोग्राफर ग्रेड सी व डी स्किल टेस्ट के रिजल्ट घोषित

पटना। एसएससी के द्वारा 2020 स्टेनोग्राफर ग्रेड सी और डी स्किल टेस्ट के रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल हुए थे, वो एसएससी की आधिकारिक वेबसाइट २२.ल्ल्क्ल्ल पर जाकर अपने रिजल्ट को चेक कर सकते हैं। बता दे की परीक्षा का आयोजन 20 और 21 जून को किया गया था। साथ ही स्टेनोग्राफर ग्रेड सी में कुल 3608 उम्मीदवार और ग्रेड डी में कुल 13445 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य घोषित किया गया था।

सभी पेंडिंग केसों को समय से निष्पादित करने की जरूरत : कानून मंत्री रिजिजू

केंद्रीय कानून मंत्री ने नेशनल सेमिनार एंड ट्रेनिंग प्रोग्राम में लिया हिस्सा

केटी न्यूज/पटना

सूबे की राजधानी में शनिवार को केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू बापू सभागार में बिहार स्टेट बार काउंसिल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल सेमिनार एंड ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि जस्टिस डिलीवरी मैकेनिज्म मजबूत करने पर फोकस करने की सलाह दी। कहा कि केवल जज की संख्या बढ़ाने से यह मजबूत नहीं होगा। पेंडिंग केसों का समय से निष्पादित करने की जरूरत है। लेकिन, दुःख की बात है कि 10 से 15 साल तक केस पेंडिंग रहता है। जज-वकील और सरकार को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। इस दौरान मंच पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस यूयू ललित, बिहार के सीजे जस्टिस संजय करोल और सुप्रीम कोर्ट के 6 जज मौजूद थे। उन्होंने बताया कि उनके मंत्री बनने के समय 4 करोड़ 25 लाख केस पेंडिंग थे। कोरोना की वजह से इसकी संख्या बढ़कर 4 करोड़ 80 लाख हो गई है।



कानून मंत्री किरण रिजिजू ने बताया कि उनके पास कई वीडियो आते रहते हैं। हाईकोर्ट के वीडियो में उन्हें कई खामियां दिखाई देती हैं। सोशल मीडिया में जजों पर जो टिप्पणी होती है, वो सही नहीं है। इस मामले में ठोस कदम उठाना होगा। कार्रवाई होनी चाहिए और लाइव स्ट्रीमिंग में ध्यान देना होगा। पिछले 8 साल में नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक भी ऐसा कदम नहीं उठाया, जिससे ज्यूडिशियरी को नुकसान हो। ज्यूडिशियरी से हम उम्मीद करते हैं कि अपने दायरे और संविधान में रहकर सम्मान भाव से काम करें। ताकि मधुर संबंध बना रहे।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया यूयू ललित ने कहा कि वकील वो आदमी होता है जो रूल ऑफ लॉ को संभाले। उसका मान रखे। दूसरा वो हर बात में कारण खोजता है। इसकी वो हमेशा कोशिश करता है। तीसरी वो हर बात को नेशनल स्तर पर सोचता है। यही वजह है कि महात्मा गांधी ने दांडी यात्रा के वक्त सिर्फ नमक को ही क्यों चुना? क्योंकि, नमक आदमी की जिंदगी में बहुत अहम है। वकीलों के पास काफी ताकत है। इसी के आधार पर आपको आगे बढ़ना होगा।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह ने कहा कि गुजरात मेरी जन्मभूमि तो बिहार कर्मभूमि है। इन्होंने कहा कि वकीलों को तारीख पर तारीख लेने के कल्चर को बंद करना चाहिए। इससे क्लाइंट की परेशानी बढ़ती है। जिस तरह से जजों की ट्रेनिंग के लिए ज्यूडिशियल अकादमी है, वैसे ही वकीलों की ट्रेनिंग के लिए भी एक अकादमी बने। ताकि वकील के पास भी गुणवत्ता हो।

इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के 6 जज भी शामिल हुए। इनमें जस्टिस संजय किशन कॉल, एमआर शाह, बीआर गवई, जेके महेश्वरी, एमएम सुंदरेश और पीए नरसिम्हा शामिल हैं। इनके साथ ही पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय करोल और कई जज शामिल हुए। कई पूर्व जज भी मौजूद थे। सभी राज्यों के बार काउंसिल के अधिकारी, सदस्यों के साथ ही अकेले बिहार से करीब 7 से 8 हजार वकील शामिल हुए।

आयुष्मान भारत योजना से वंचितों को सीएम जन आरोग्य योजना से जोड़ने का निर्णय

उपमुख्यमंत्री ने लिया बड़ा फैसला, गरीबों में खुशी की लहर

केटी नयूज/बक्सर

राज्य में स्वास्थ्य विभाग की कमान संभालने के बाद उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मिशन मोड में स्वास्थ्य विभाग की खामियों को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। अब तेजस्वी यादव ने गरीबों के लिए ऐसा ऐलान किया है, जिसे जानकर आप खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना से वंचित करोड़ों लोगों को सीएम जन आरोग्य योजना से जोड़ने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत राज्य सरकार केंद्र की योजना के भांति ही जरूरतमंद लगों को हेल्थ कवर देगी। तेजस्वी यादव ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक हर हाल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इसीलिए हम हर जरूरतमंद व्यक्ति को मुफ्त इलाज की सुविधा देना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य है कि इस योजना से कोई छूटे नहीं। स्वास्थ्य विभाग यही टारगेट लेकर काम कर रहा है। जल्द ही नई योजना के जरिए हर वंचितों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अस्पतालों की स्थिति बेहतर बनाने, लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराने और सफाई के पुख्ता प्रबंध करने संबंधी निर्देश विभाग को दिया है। इन तमाम योजनाओं को लेकर हमने अपनी टीम को 60 दिनों का टारगेट दिया है। यही नहीं अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि इन सबकी नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। ऐसा न हो कि कोई व्यक्ति हमारे अस्पताल इलाज के लिए आए लेकिन और बीमार हो जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने अस्पतालों की स्थिति बेहतर बनाने, लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराने और सफाई के पुख्ता प्रबंध करने संबंधी निर्देश विभाग को दिया है। इन तमाम योजनाओं को लेकर हमने अपनी टीम को 60 दिनों का टारगेट दिया है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि इन सबकी नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। ऐसा न हो कि कोई व्यक्ति हमारे अस्पताल इलाज के लिए आए लेकिन और बीमार हो जाए।

पुलवामा में आतंकी हमले में राज्य के दो मजदूर जख्मी

पटना । जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में बड़ी आतंकी वारदात सामने आई है। जिले के रत्नीपोरा में शनिवार को आतंकवादियों ने दो मजदूरों पर गोलियां चलाकर उन्हें घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दोनों घायल मजदूर बिहार के बेतिया ज़िले के रहने वाले हैं। उधर, आतंकी वारदात के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। पूरे इलाके में आतंकियों की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि पुलवामा जिले में शनिवार को दो गैर-स्थानीय मजदूरों को गोली मार दी गई और घायल कर दिया गया। कश्मीर जोन पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि पुलवामा के खरपोरा रत्नीपोरा में आतंकवादियों ने दो बाहरी मजदूरों को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कहा कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पांच अगस्त को भी आतंकवादियों ने पुलवामा के गदूरा इलाके में बाहरी मजदूरों पर ग्रेनेड फेंका।

युवती के साथ की गई मार-पीट हत्या कर सड़क किनारे फेंका शव

केटी न्यूज/वाराणसी

जिले के लोहता थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक युवती का शव मिलने के बाद से सनसनी फैल गई। युवती के मुंह से खून निकलता और शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान देख लोगों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने प्रथम दृष्टया में युवती के साथ मारपीट कर उसकी हत्या करने की आशंका जताई।

मामले में बताया जाता है कि लोहता थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव के समीप रिंग रोड के किनारे शनिवार सुबह 22 वर्षीय युवती का शव मिला। युवती का शव गड्ढे में औंधे मुंह पड़ा हुआ था। साथ ही, उसके मुंह से खून निकल रहा था। ग्रामीणों ने देखा कि मृतका के शरीर पर कई जगह पर चोट के निशान थे। साथ ही, युवती के बाएं हाथ पर गोदना गोदवाया हुआ है। जिसपर विजय लिखा हुआ है। पुलिस के मुताबिक युवती की हत्याकर शव



यहां फेंका गया है।

साथ ही ये भी आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या रिंग रोड के किनारे ही की गई है। पुलिस को लाश के आस-पास शराब की बोतलें, नमकीन का पैकेट समेत कई अन्य वस्तुएं मिली हैं। युवती की लाश देखकर ऐसा लग रहा है कि उसके साथ मारपीट की गई है। इस मामले की जानकारी होते ही मौके पर एडिशनल एसपी नीरज पांडेय और सीओ सदर के साथ लोहता थाने की पुलिस पहुंची। वहीं फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया है।

सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार महिला की मौत, ट्रक चालक हुआ फरार

केटी न्यूज/रोहतास

जिले के सदर प्रखंड के सासाराम-आरा स्टेट हाइवे पर शनिवार शाम सड़क दुर्घटना में एक बुलेट सवार महिला की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बुलेट ट्रक में फंस गई। लेकिन, ड्राइवर को चोट नहीं आई है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया है। मृतका की पहचान राजपुर भटौली के सिंगासन राम की पुत्री शोभा कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार बुलेट सासाराम से नोखा की तरफ जा रही थी, बैजला गांव के पास ब्रेकर पर बुलेट धीमी गति से पार कर रही थी, तभी पीछे से तेज गति से जा रहे ट्रक ने बुलेट में ठोकर मार दिया, जिससे बुलेट सवार महिला गिर पड़ी।




ट्रक के चक्के के नीचे दब कर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बुलेट चालक को मामूली चोट आई लेकिन बुलेट ट्रक में फंस गया, जिससे ट्रक चालक वाहन को वहीं छोड़ भाग निकला। बुलेट चालक ट्रक के ड्राइवर को पकड़ने के लिए दौड़ा लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। मौके पर जुटे लोगों ने दुर्घटना की सूचना सासाराम मुफ्फसिल थाना को दी है। मृतक की शादी चार महीने पहले नावानगर के रूपसागर निवासी अरूण कुमार से हुई थी। मृतक का चयन बिहार पुलिस में भी हाल ही में हुआ था। मौत की सूचना से मृतका के घर में कोहराम मच गया है।

रोशनदान के सहारे बंधा मिला विवाहिता का शव, 18 माह पहले हुई थी शादी

केटी न्यूज/बलिया

जिले के सिकंदरपुर थाना अंतर्गत स्थानीय गांव में एक विवाहिता ने खुदकुशी कर ली है। जिसमें महिला की लाश उसके कमरे में रोशनदान के सहारे बंधी रस्सी से लटकती मिली। खबर पाकर पहुंचे मयका पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतका के भाई ने बहन की मौत पर संदेह जताते हुए पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोथ (मतुरी) निवासी 23 वर्षीय शमां परवीन पत्नी अब्दुल सलाम शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद सात माह के बच्चे के साथ सोने चली गयी। शनिवार की सुबह कमरे में मौजूद मासूम रोने लगा तो परिवार के लोगों ने बाहर से आवाज लगाया। हालांकि अंदर से बच्चे के रोने के अलावे अन्य किसी तरह का कोई आहट नहीं हुआ। इसके बाद



घरवालों ने बंद दरवाजे को तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो शमां की लाश रोशनदान से बंधी रस्सी के सहारे लटक रहा था। इसके बाद लाश को फंदे से नीचे उतारा तथा मामले से मयका पक्ष व पुलिस को अवगत कराया। खबर मिलने के बाद मृतका के मयका गड़वार थाना क्षेत्र के सिकरिया कलां निवासी भाई अरशद कमाल ने पुलिस को तहरीर देकर बहन की मौत को संदिग्ध बताया है। उसने पुलिस को दी गयी तहरीर में लिखा है कि मेरी बहन की शादी करीब 18 माह पहले हुई थी। उसका कहना है कि मौत पर संदेह है लिहाजा पोस्टमार्टम कराकर उचित कार्रवाई की जाय। एसओ सिकन्दरपुर योगेश यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी। बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

एक ही रात दो घरों में चोरी, पचास हजार नकद व एक लाख के गहने ले उड़े चोर



केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव के सुमित्रा कालेज के पास स्थित एक मकान के दो किरायेदारों के घर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दोनों किरायेदारों के दरवाजे का ताला तोड़ चोरों ने 50 हजार नकद तथा करीब एक लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के आभूषण चुरा लिए हैं। घटना शुक्रवार रात की है। मकान में रहने वालों को इसकी जानकारी शनिवार की सुबह हुई। इस संबंध में एक किराएदार कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव की रंजू देवी ने डुमरांव थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। पुलिस को दिया आवेदन में रंजू ने बताया है कि चोरों ने उसे घर से पांच हजार रुपए नकद के साथ आभूषण वाले बैग का ताला तोड़ उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र कान का टॉप झुमका और चांदी के पायल चुरा लिए हैं। जबकि इसी मकान में रहने वाले दूसरे किराएदार विजय सिंह के घर से भी 45 हजार नकद तथा सोने के झुमका और चांदी के पायल की चोरी हुई है। एक ही रात दो घरों में चोरी की घटना के बाद मोहल्ले वासियों में हड़कंप मच गया है। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि चोरी की इस वारदात में शामिल एक चोर को कृष्णाब्रह्म पुलिस ने चौकिया गांव के पास एएच 84 से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी गए आभूषण की बरामद हुए हैं।

2 लाख रुपये नहीं देने पर आरोपी ने की पत्नी और दो बच्चों की हत्या

केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर

जिले में दहेज के 2 लाख रुपए नहीं देने पर एक पति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर दी। हत्या के बाद तीनों के चेहरे को तेजाब से जलाया गया है। महिला के परिवार का आरोप है कि वो अक्सर दो लाख रुपए के लिए परेशान करता था। मारपीट भी करता था। गुस्से में आकर उसने तीनों की हत्या कर दी और पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर तेजाब डाल दिया। तीनों के शव शुक्रवार को गायघाट स्थित बागमती नदी के बगल में एक गड्ढे में मिले थे। तीनों शवों की पहचान हो गई है। एक महिला है और दो उसके बच्चे हैं। मृत महिला की पहचान गायघाट की नीतू कुमारी (28), उसका बेटा सुजीत (06), और बेटी गंगा कुमारी (04) के रूप में हुई है। महिला के मायके वालों ने पति दीपक साह समेत अन्य ससुराल वालों पर हत्या कर लाश को फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर छोटी खबरें

दो बाइक्स की टक्कर मे युवक जख्मी

आरा। शनिवार की दोपहर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव मोड़ के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक भदवर गांव निवासी राज कुमार साव का बेटा विकास कुमार है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वह शनिवार की दोपहर बाइक से गांव स्थित छलका की ओर जा रहा था। तभी भदवर गांव मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। इससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग जख्मी, रेफर

अरवल। पटना औरंगाबाद मुख्य मार्ग पर वलिदाद बाजार के समीप 45 वर्षीय रामाशीष पासवान पिता सूर्यदयाल पासवान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि वह अपने घर हरदिया से पुत्री के शादी के लिए बैदराबाद ठाकुरबारी में लड़की दिखाने गए थे। वापसी के क्रम में अज्ञात चार चक्का वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया। घटना के बाद रिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

करंट लगने से युवक की मौत

जहानाबाद। जिले के भेलावर ओपी थाना क्षेत्र के पिजौरा गांव में बिजली के करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उस व्यक्ति का नाम सुरेश यादव बताया जाता है यह व्यक्ति धान के खेत देखने के लिए बधार में जा रहा था।अभी बिजली का 11,000 वोल्ट का तार टूट कर गिरा हुआ था। यह व्यक्ति का बिजली तार से पैर स्पर्श हो गया जिसके कारण इस व्यक्ति के बिजली के करंट लग गया। बिजली के करंट लगते ही यह जोर जोर से चिल्लाने लगा ग्रामीणों द्वारा इसे बिजली तार से अलग किया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। परिवार जनों का कहना है कि जर्जर तार होने के कारण लगातार बिजली की तार टूट कर गिर रही थी।

हत्या व डकैती सहित विभिन्न कांडों में 31 गिरफ्तार, 38 सरेंडर

केटी न्यूज/आरा



जिले में में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर जारी अभियान में फिर 31 वांटेड गिरफ्तार किये गये हैं। इनमें हत्या और डकैती सहित अन्य कांडों के आरोपित शामिल हैं। वहीं पुलिस की दबिश से 38 आरोपितों ने कोर्ट में सरेंडर भी कर दिया है। अभियान के दौरान 63 लीटर विदेशी जबकि 145 लीटर महुआ शराब बरामद की गयी है। अवैध शराब की 17 भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए 34 सौ लीटर महुआ पास को नष्ट किया गया। बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किये गये हैं। वहीं चोरी की आठ बाइक भी बरामद की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा प्रेस बयान जारी कर जानकारी दी गयी। प्रेस बयान के अनुसार करनामेपुर ओपी की पुलिस ने हत्या में वांटेड मोहन यादव उर्फ लक्ष्मन यादव को गिरफ्तार किया गया है।वह करनामेपुर गांव का ही रहने वाला है।

वहीं, चांदी थाना पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ रामदिहल के टोला निवासी रंधीर कुमार को गिरफ्तार जेल भेज दिया। नवादा थाना पुलिस द्वारा भी चोरी की एक बाइक के साथ गंजडीह निवासी अभिषेक कुमार और तरारी थाना क्षेत्र के सैदन गांव निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मारपीट और हत्या के प्रयास में तरारी थाना की पुलिस ने खवनी गांव निवासी अरविंद पासवान को जेल भेजा है। इधर, बहोरनपुर ओपी की पुलिस ने दो बाइक पर लदी 63 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। जहां से बिहियां निवासी मनीष कुमार व बक्सर के छोटकी नैनीजोर निवासी तेज नारायण तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी ओर, सिकरहटा थाना की पुलिस ने पांच लीटर महुआ शराब के साथ पनवारी महादलित टोला निवासी झींगा मुसर को गिरफ्तार कर लिया।? चरपोखरी थाना की पुलिस ने बाइक पर लदी 20 लीटर महुआ शराब के साथ चौरी के अनंतपुर निवासी रितेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बिहिया थाना पुलिस ने 50 लीटर महुआ शराब के साथ शाहपुर थाना क्षेत्र के होरिल छपरा निवासी जग्गू चौधरी को धर दबोचा। उधर, कोईलवर थाना पुलिस की टीम ने बाइक पर लोड 40 लीटर महुआ शराब के साथ बड़का चंदा निवासी विकास यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

चोरी की चार बाइक के साथ दो अपराधी को किया गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा। जिले की गीधा ओपी की पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दा फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी की चार बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार चोर गिरोह के सदस्यों में गड़हनी निवासी विकास कुमार और कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव निवासी बीरबल सिंह हैं। इसके अलावे गीधा ओपी पुलिस द्वारा प्राइवेट फैक्टी से चोरी गए सामानों के साथ एक कबाड़ी दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, पुलिस द्वारा एक लावारिस कार, 100 लीटर महुआ शराब और एक अन्य बाइक भी बरामद की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गीधा ओपी प्रभारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में पुलिस सोनघटा पचैना बाजार के समीप बाइक चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान संदेह के बाइक सवार एक युवक को पकड़ गया। उससे पूछताछ के क्रम में बाइक चोरी का खुलासा हुआ। उसकी निशानदेही पर तीन अन्य बाइक और गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य संदिग्ध बाइक भी मिली है। उसकी भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि उसी क्रम में गीधा औद्योगिक एरिया स्थित सिलेंडर बनाने वाली प्राइवेट फैक्ट्री से चोरी गये सामान भी बरामद किया गया है। इस मामले में कबाड़ी दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। टीम में सिपाही बिट्टू कुमार, रूपेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार और मनीष कुमार शामिल थे।

लूटकांड का खुलासा : दोस्त की बर्थडे मनाने निकले बदमाशों ने व्यवसायी को था लूटा

- संदेश और चांदी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए छह लुटेरे, मास्टर माइंड की तलाश
- दवा व्यवसायी से लूटे गये 19 हजार रुपए और घटना में इस्तेमाल दो बाइक बरामद

केटी न्यूज/आरा



जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर के समीप दवा व्यवसायी से लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया। उक्त वारदात को अंजाम देने वाले छह लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जिनके अनुसर सभी अपने दोस्त का बर्थडे सेलिब्रेट करने निकले युवकों ने व्यवसायी से लूटपाट की थी। घटना में दो भाइयों सहित छह बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि मुख्य सरगना अभी पकड़ में नहीं आ सका है। वह चांदी थाना क्षेत्र का रहने वाला गोलू है। लेकिन गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर व्यवसायी से लूटे गये 19 हजार रुपए और घटना में इस्तेमाल दो बाइक बरामद की गयी है। इसके अलावे चोरी की तीन अन्य बाइक भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में संदेश थाने के दलेलगंज निवासी सचिन कुमार, संजीव कुमार, जय प्रकाश कुमार उर्फ निरहुआ, चांदी थाना क्षेत्र के जोकटा गांव निवासी धनजी कुमार और उदवंतनगर गांव निवासी कृष्णा कुमार व उकेश सिंह शामिल हैं। कृष्णा कुमार और उकेश सिंह सगे भाई हैं। दोनों पर घटना की साजिश रचने का आरोप है। सभी ने घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली है। टीम में डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, उदवंतनगर थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, दारोगा निवासी कुमार, एएसआई जयजय राम, डाआईयू के दारोगा संजय कुमार सिन्हा, कुमार रजनीकांत, अवधेश कुमार, राजीव कुमार और राकेश कुमार शामिल थे।

घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद : एसपी संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गत 21 सितंबर की रात पवना निवासी दवा व्यवसायी से लूटपाट की गयी थी। उनसे करीब बीस हजार रुपये और दवा आदि सामान छीन लिया गया था। उसी रात में ही तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली गयी थी। उसके बाद एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सरगना अभी फरार चल रहा है। हालांकि, उसके घर से दवा व्यवसायी से लूटे गये 19 हजार रुपये और चोरी की तीन अन्य बाइक बरामद की गयी है। बाइक की जांच की जा रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है।

ग्रामीणों की मदद से एक को पकड़ लिया गया था : एसपी ने बताया कि बुधवार की रात करीब नौ बजे पांच छह की संख्या में अपराधी अलग-अलग बाइक से दोस्त का बर्थडे सेलिब्रेट करने रोड पर निकले थे। इस क्रम में सभी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलापुर बंग्ला के नजदीक पहुंचे थे। तभी बदमाशों की नजर दवा व्यवसायी पर पड़ गई और लूटपाट करने लगे। उसी समय पुलिस की गश्ती पहुंच गई। उसे देख बदमाश भागने लगे। लेकिन ग्रामीणों की मदद से पीछा कर एक को पकड़ लिया गया था। बाद में एएसपी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा उसकी निशानदेही पर दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी से पूछताछ में मिले क्लू, तकनीकी जांच और स्थानीय सूत्रों के जरिए घटना में शामिल सभी लुटेरों की भी पहचान कर ली गई। उसके बाद तीन बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि सरगना अभी पकड़ में नहीं आ सका है। लेकिन पकड़े गये अपराधियों की निशानदेही पर उसके घर से लूटे गये 19 हजार रुपये और चोरी की तीन अन्य बाइक भी बरामद की गयी।

बदमाशों का पहले से भी आपराधिक रिकॉर्ड : एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि दवा व्यवसायी से लूटपाट करने वाले बदमाशों का पहले से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। संदेश और चांदी थाने में इनके खिलाफ पूर्व से मामले भी दर्ज हैं। यह गिरोह अभी तक उसी इलाके में सक्रिय था। उन्होंने बताया कि फरार गोलू के घर से चोरी की तीन बाइक बरामदगी को लेकर चांदी थाने में अलग से एक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। वहीं लूटपाट में सभी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार सरगना की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पटना से लौट रहा था व्यवसायी लूट : जानकारी के अनुसार पवना निवासी व्यवसायी संदीप कुमार 21 सितंबर को दवा खरीदने पटना गये थे। रात में बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। तभी आरा-अरवल मेन रोड पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर बंग्ला के नजदीक अपराधियों द्वारा ओवरटेक कर उनको रोक लिया। उसके बाद हथियार के बल पर लूटपाट की गयी। उस दौरान व्यवसायी से करीब बीस हजार रुपए और दवा आदि लूट लिया गया था।

एक नजर

नप चुनाव पारदर्शिता के साथ कराने के लिए पदाधिकारी अपनी तैयारी पूरी करें : एसडीओ



अरवल। अरवल नगर परिषद चुनाव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सभी कोषाग के पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर परिषद चुनाव शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि कोषांग के जितने भी पदाधिकारी हैं, अपनी तैयारी निश्चित समय सीमा के अंदर में कर लें। ताकि नगर परिषद का चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जा सके। सभी कोषांग के पदाधिकारी चुनाव से पहले सभी तरह के तैयारी करना सुनिश्चित करें। अपने-अपने कोषांग में पूरी तत्परता के साथ कार्य करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतें। नगर परिषद चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन होना चाहिए जो प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की कोशिश करेंगे उन पर प्राथमिकी दर्ज करने की भी कार्रवाई करें। बैठक में सभी कोषांग के पदाधिकारी के अलावे अनुमंडल स्तर के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

मामूली विवाद में मदारीवाले ने खाया जहर, अस्पताल पहुंचने से पहले गई जान

आरा। जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के धराहरा मोहल्ले में शनिवार की शाम मामूली विवाद में मदारीवाले ने खुदकुशी कर ली। उसने जहर खाकर जान दे दी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक धरहरा निवासी स्व. लतीफ मोहम्मद का 30 वर्षीय पुत्र मो. सलाउद्दीन था। वह घूम-घूमकर मदारी का खेल दिखाता था। मामी सहिना खातून ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं है?। लेकिन पति-पत्नी के बीच शनिवार की सुबह किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। उसके बाद वह सुबह घर से मदारी दिखाने के लिए चला गया। शाम में करीब चार बजे वह घर लौटा, तो बाजार से ही कुछ खा कर आया था। इसके बाद पति-पत्नी के बीच फिर कहासुनी हुई। इस बीच उसकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई। उसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मदारी वाले के परिवार में पत्नी जमीला खातून, बेटी रोजी, सहानी, शाजिया, नाजिया, पुत्र शाहिद,शमशाद और नौशाद है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी जमीला खातून सहित परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

अवैध वसूली को लेकर हुए मारपीट के विरोध में ऑटो चालकों ने जाम की सड़क

पीरो । जिले के पीरो थाने के बचरी रेलवे क्रासिंग के पास बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर अवैध वसूली और मारपीट के खिलाफ ऑटो चालकों ने शनिवार को सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ऑटो चालक सड़क पर उतर आये और जमकर हंगामा किया। साथ ही, रेलवे क्रासिंग के पास सड़क भी जाम कर दिया गया। इससे स्टेट हाईवे पर करीब घंटे भर आवागमन बाधित रहा। सड़क जाम में शामिल ऑटो चालकों ने बताया कि पीरो के नया बस पड़ाव से फतेपुर, खुटहा समेत अन्य ग्रामीण इलाकों के लिए ऑटो चालक सवारी लेकर आते जाते हैं। पिछले कुछ दिनों से बचरी रेलवे ओवरब्रिज के पास कुछ लोगों द्वारा ऑटो चालकों से एजेंटी के नाम पर जबरन वसूली की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार की देर शाम रास्ते से गुजर रहे एक ऑटो चालक को रोक कुछ लोगों पैसे की मांग की। चालक ने विरोध किया, तो दबंगों द्वारा उसकी पिटाई कर दी गयी। उसके पैसे भी छीन लिये गये। शनिवार की सुबह अन्य ऑटो चालकों को इस घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित हो गये और बचरी रेलवे क्रासिंग के पास सड़क जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया गया। थानाध्यक्ष एनके प्रसाद ने बताया कि ऑटो चालक से मारपीट के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। हालाकि पीड़ित ऑटो चालक की ओर से अभी तक पीरो थाना में कोई लिखित शिकायत नही दी गई है। वैसे पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

मारपीट व फायरिंग मामले में ईंट-भट्ठा संचालक का ड्राइवर गिरफ्तार

आरा। जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपांती गांव स्थित चिमनी के समीप मिट्टी काटने के विवाद को लेकर मारपीट और फायरिंग की घटना हुई। इस मामले में पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए चिमनी संचालक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक मस्कट और चार गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार आरोपित उसी थाना क्षेत्र के न्यू खवासपुर गांव निवासी गोविंद यादव का पुत्र नारायण यादव है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि पीपरपांती स्थित मुन्ना चिमनी भट्ठा पर मारपीट और फायरिंग होने की सूचना मिली। पता चला कि चिमनी पर कुछ अवैध हथियार भी रखा हुआ है। उसके आधार पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर चिमनी से एक देसी कट्टा, एक मस्कट और चार गोली बरामद की गयी। मौके से नारायण यादव को भी गिरफ्तार किया गया। इस मामले में गिरफ्तार नारायण यादव के खिलाफ पुलिस की ओर से आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। चिमनी मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इधर, थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मुन्ना चिमनी के मालिक द्वारा किसी व्यक्ति से जमीन खरीदी गयी थी। उस जमीन का बंटवारा नहीं हुआ था। उसके कारण जमीन के घर के कुछ सदस्यों द्वारा मिट्टी काटी जा रही थी।

पुलिस पर हमले में फरार आरोपितों के घर चस्पाया इश्तेहार

केटी न्यूज/आरा

जिले की सिकरहट्टा थाने की पुलिस पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपितों के खिलाफ इश्तेहार की कार्रवाई की गयी। कोर्ट के आदेश पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वार शनिवार दोनों आरोपितों के घर सहित अन्य जगहों पर इश्तेहार चस्पा किया गया। आरोपितों में चोरी थाना क्षेत्र के बंगौटी गांव निवासी उपेंद्र यादव और चरपोखरी थाने क्षेत्र के ठेंगवा गांव निवासी विकास यादव शामिल हैं। दोनों करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे हैं। इश्तेहार चिपकाने के बाद भी दोनों सरेंडर नहीं करते हैं, तो पुलिस की कार्रवाई करेगी। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से इश्तेहार चस्पा किये जाने की जानकारी दी गयी। सिकरहट्टा थानाध्यक्ष के अनुसार पिछले दस मार्च को कुछ अपराधियों द्वारा एक पंचायत प्रतिनिधि की हत्या की साजिश किये जाने की सूचना मिली थी। उस आधार पर दारोगा प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम ने अपराधियों का पीछा किया था। तभी नोनाडीह-गड़हनी रोड में बागर सूर्य मंदिर के नजदीक बदमाशों की ओर से पुलिस पर फायरिंग कर दी गयी थी। घटना को अंजाम देने के बाद कार व बाइक सवार अपराधी भाग निकले थे। उस मामले में दो अपाची और एक कार सवार आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में पहचान होने पर एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया था। उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पर पांच अन्य को अप्राथमिकी आरोपित किया गया। उस मामले में अबतक पांच आरोपितों को जेल भेजा जा चुका था। लेकिन विकास यादव और उपेंद्र यादव फरार चल रहे थे। उसे लेकर कोर्ट की ओर से इश्तेहार जारी किया गया था।

जिले के चिह्नित गांवों को स्वच्छ-सुंदर बनाने के विषय पर की गई चर्चा

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायतों में उप विकास आयुक्त पारितोष कुमार के नेतृत्व में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। जिसमें 'हमारा स्वच्छ-सुंदर गांव' अभियान अंतर्गत गांव को स्वच्छ-सुंदर बनाने के विषय पर चर्चा की गई। इस क्रम में उप विकास ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का संचालन लगातार किया जा रहा है। जहानाबाद जिला अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में चयनित सार्वजनिक स्थलों, धर्मिक स्थलों, स्कूल आदि विभिन्न जगहों पर व्यापक सफाई अभियान का संचालन ग्राम स्तर पर कार्यरत स्वच्छाग्रही स्वच्छता कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जन-प्रतिनिधि,जीविका दीदी, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक, बाल सेना एवं आम जन के सहयोग से चलाया जा रहा है।

शरारती तत्वों पर ड्रोन से रखी जाएगी पैनी नजर

- जिलाधिकारी व एसपी ने पूजा समिति व शांति समिति के सदस्यों के साथ की बैठक
- पूजा पंडालों का किया जाना है फायर ऑडिट, इक्सटिंग्युशर की व्यवस्था सुनिश्चित करें
- दो दिनों के अंदर पूजा समितियों को आवेदन देना अनिवार्य

केटी न्यूज/जहानाबाद



समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में विभिन्न पूजा समिति एवं शांति समिति के सदस्यगणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व एसपी ने सभी अनुमंडल अधिकारी व एसडीपीओ से दुर्गा पूजा की तैयारियों की जानकारी ली। इस क्रम में दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि पंडाल अधिष्ठापन के लिए अनुमति अनिवार्य कर दिया गया है। अतः एक से दो दिनों के भीतर अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन आवेदन कर देने का निर्देश दिया गया है। ताकि, ससमय अनुज्ञप्ति निर्गत किया जा सके। सभी पूजा पंडालों में फायर इक्सटिंग्युशर की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें तथा सीसीटीवी का संस्थापन निश्चित रुप से करने का भी निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि पूजा पंडालों का फायर ऑडिट किया जाना है, अतः सभी पूजा पंडालों में फायर इक्सटिंग्युशर की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। असामाजिक/शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने हेतु ड्रोन की व्यवस्था की जाएगी। अश्लील और भड़काऊ गाने बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। एनजीटी के नियमों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आवश्यकतानुसार रूट का बायफर्केशन/ डिवीजन कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला पदाधिकारी ने सभी पूजा पंडालों में पब्लिक अडरेस सिस्टम को सुव्यवस्थित रखने का अपील की। ताकि जिला प्रशासन द्वारा कार्यान्वित नियंत्रण कक्ष की सूचनाओं को ससमय संसूचित किया जा सके। पूजा समिति एवं शांति समिति द्वारा नगर परिषद कार्यालय में पूर्व से उपलब्ध चलंत शौचालयों का सुचारू क्रियान्वयन एवं डिलक्स शौचालयों की सफाई कराने का अनुरोध किया गया। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा जिला प्रशासन से बांस की बैरिकेडिंग, ब्लेड मारने वाले तथा कुछ उद्दंड बाइकर्स जैसे असमाजिक तत्वों पर नियंत्रण एवं कार्रवाई, सड़कों की साफ सफाई एवं अन्य मांग रखी गयी। पूजा समितियों द्वारा 6 अक्टूबर को संध्या 06 बजे से 7 अक्टूबर के पूर्वाहन तक शहरी क्षेत्र में विसर्जन करने का प्रस्ताव दिया गया। उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद तथा विभिन्न पूजा समिति एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

शहर छोटी खबरें

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

गाजीपुर। गाजीपुर शनिवार की दोपहर को सैदपुर के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फारिदहां गांव के पास मार्ग पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटनास्थल से 108 एंबुलेंस के माध्यम से मृतक के शव को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर, उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना खानपुर थाना क्षेत्र के फरिदहां गांव निवासी राकेश चौहान 42 पुत्र स्वर्गीय मंगरु चौहान शनिवार की दोपहर को आवश्यक कार्य के लिए बाइक से खानपुर बाजार जा रहे थे। तभी गांव से थोड़ी दूरी पर किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायल राकेश को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर लाया गया। यहां सुविधा का अभाव होने के कारण घायल को तत्काल सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर ने जांच कर राकेश को मृत घोषित कर दिया।

मुख्य पार्षद के लिए अब 15 उम्मीदवार मैदान में

बक्सर। बक्सर नगर परिषद चुनाव के लिए नाम वापसी करने की तिथि शनिवार को समाप्त हो गई। अब पिछले तीन दिनों दो उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए जिसमें प्रतिमा चौधरी मल्लाह टोली व रजिया खातून पीपी रोड शामिल हैं। इन दो के मैदान से हट जाने के बाद अब मुख्य पार्षद पद के लिए कुल 15 दावेदार मैदान में शेष रह गए हैं। यह जानकारी धीरेन्द्र कुमार मिश्रा निवार्ची अधिकारी नगर परिषद ने दी। उन्होंने बताया कि बक्सर नगर परिषद में मुख्य पार्षद पद के लिए 15, उप मुख्य पार्षद पद के लिए 11 एवं 42 वार्डों से कुल 240 उम्मीदवार मैदान में है। हालांकि आयोग ने नाम वापस लेने के लिए तीन दिन का समय दिया था। जिसमें वार्ड सदस्य के लिए चार तथा मुख्य पार्षद पद के 2 उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया। 25 सितंबर को उम्मीदवारों के मध्य चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा।

कोरानसराय के अक्षर धाम पंडाल में इस बार अवतरित होंगी मां दुर्गा

- 50 फीट ऊंचा होगा पंडाल, जयपुर के कारीगर दे रहे अंतिम रूप
- नौ रूपों का दर्शन करेंगे श्रद्धालु



अक्षर धाम मंदिर का पंडाल

केटी न्यूज/डुमरांव (बक्सर)

प्रखंड के कोरानसराय प्रमुख चौक पर इस बार अक्षर धाम मंदिर के भव्य पंडाल में अवतरित होगी मां दुर्गा। श्रद्धालु इस भव्य पंडाल में मां दुर्गा के नवम रूपों के साथ लक्ष्मी, गणेश, कार्तिकेय, सरस्वती के अलावे महादेव के साथ मां काली का भी दर्शन करेंगे। प्रतिमा और पंडाल को भव्य रूप देने के लिए जयपुर के कारीगर दिन-रात जुटे है। कोरानसराय श्री दुगार्पूजा समिति ने इस बार 50 वीं वर्षगांठ मना रहा है। समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी और उपाध्यक्ष छोटे ओझा ने बताया कि इस बार समिति 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। पंडाल के निर्माण में जयपुर के कारीगरों के साथ-साथ स्थनीय कारीगर भी अंतिम रूप देने में जुटे है। सदस्य बताते है कि मां की प्रतिमा और पंडाल के निर्माण में करीब चार लाख से अधिक राशि का बजट बनाया गया है। इस बजट में स्थानीय दुकानदारों व समिति के सदस्यों का अहम योगदान है। कोरानसराय प्रमुख चौक के पंडाल और प्रतिमा इस इलाके के लिए चर्चित रहा है। इस बार विशेष रूप से अक्षर धाम मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। कई बार यहां के भव्य पंडाल और सजावट को लेकर समिति को जिलास्तर पर प्रथम पुरस्कार भी मिला है। नवरात्र के सप्तमी के दिन पट खुलने के दौरान भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। यह सिलसिला अष्टमी और नवमी को रहता है। आरती के दौरान ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चारण की धुन बनी रहती है. इस मौके पर सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालु उमड़ते है। समिति के सदस्य मुन्ना तिवारी, झुना, विमलेश, विनय प्रताप, आदित्य तिवारी, राज कुमार, सूरज, छोटू, विशाल, मनु, दीपू, रौशन, मनजी आदि ने बताया कि महाआरती में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कोरानसराय में मां के हर रूपों के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, जिसे पूजा समिति के सदस्य कई सुविधाओं के लिये तैनात रहेंगे। मां के दर्शन के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग रास्ते बनाये गए है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ पूजा कमिटी के सदस्य भी मुश्तैद रहेंगे।

पंडाल में प्रतिमा रखने के लिए थाना से लेनी होगी अनुमति

नावानगर । दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर शुक्रवार को नवानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। इस मौके पर उपस्थित पूजा एवं शांति समिति के सदस्यों ने पूजा के दौरान शहर की साफ सफाई, जलापूर्ति, अवैध शराब की बिक्री पर रोक, निर्बाध बिजली आपूर्ति? एवं पंडाल में महिला पुलिस की प्रतिनियुक्ति आदि की मांग रखी। इसपर बीडीओ मनोज कुमार एवं सीओ अजीत कुमार सिंह ने पंडाल के पास हर संभव व्यवस्था की कोशिश करने की आश्वासन दिया। इधर थानाध्यक्ष ने कहा कि शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके लिए सादे लिबास में पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। किसी भी सूरत में शरारती तत्व के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा पूजा समिति अध्यक्ष को कई दिशा निर्देश बीडीओ एवं सीओ ने दिया। जिसमें पंडाल एवं प्रतिमा रखने के लिए अनुमति लेने, बगैर कनेक्शन के पंडाल में बिजली नहीं जलाने, डीजे नहीं बजाने एवं आपातकाल की व्यवस्था दूरुस्त रखने समेत अन्य थी। सीओ ने कहा पूजा पंडालों पर अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से प्रेम व उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील किया। बैठक में जदयू नेता सरदार सिंह कुशवाहा, रुपसागर मुखिया ब्रजकिशोर सिंह, भटौली मुखिया विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, नावानगर मुखिया प्रतिनिधि इजाजूल अंसारी, उमेश पाण्डेय समेत क्षेत्र के पूजा समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।

गरीब मरीजों के लिए मसीहा हैं डॉ बीरेन्द्र

- अनुमंडलीय अस्पताल में हर शनिवार करते है 250 से 300 मरीजों का इलाज
- टेंपों चालकों को भी रहता है शनिवार का इंतजार



केटी न्यूज / डुमरांव (बक्सर)

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित तथा चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बीरेन्द्र राम अनुमंडल के गरीब मरीजों के लिए वरदान बने हुए है। हड्डी तथा नस की बीमारी से पीड़ीत गरीब महिला, पुरूषों, बच्चों तथा बुजुर्गो के साथ ही शहर के टेम्पो चालकों को भी शनिवार आने का इंतजार रहता है। जाहिर है शनिवार को ही उनकी ड्यूटी अनुमंडलीय अस्पताल में रहती है। इस दिन वे करीब 250 से 300 मरीजों का इलाज करते है। उनके इलाज के अबतक हजारों मरीज ठीक हो चुके है। डा बीरेन्द्र राम के इलाज का डंका डुमरांव सहित दूर दूर के क्षेत्रों में किस कदर बजता है इसकी बानगी देखनी है तो शनिवार को आप अनुमंडलीय अस्पताल चले आइए। जहां हर शनिवार को सुबह से ही उनसे इलाज कराने वाले मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है। कई मरीज तो तीन से चार घंटे तक अपनी बारी आने का इंतजार करते है और इलाज कराकर ही वापस लौटते है। जानकारों का कहना है कि डुमरांव के साथ ही बक्सर, बरूना, टुड़ीगंज, रघुनाथपुर, बनाही आदि रेलवे स्टेशन क्षेत्रों से भी उनके मरीज बड़ी संख्या में प्रत्येक शनिवार को आते है। जिस कारण शहर के टेंपो चालकों को भी शनिवार आने का इंतजार रहता है। इस दिन टेम्पों चालकों को स्टेशन से सैकड़ों सवारियां अनुमंडलीय अस्पताल जाने वाली मिलती है। साथ ही, वापसी के लिए भी उन्हें भरपूर पैसेंजर मिल जाते हैं। जिससे उनकी अच्छी कमाई हो जाती है। इसके अलावे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज निजी वाहनों से भी उनसे इलाज करवाने आते है। जिस कारण शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल परिसर मरीजों तथा उनके परिजनों से गुलजार रहता है। जानकारों का कहना है कि अन्य दिनों की अपेक्षा शनिवार को पांच से छह गुना तक अधिक मरीज आते है। खास यह कि किसी भी मरीज को निराश नहीं लौटना पड़ता है। बल्कि डा बीरेन्द्र द्वारा बारी से सभी की जांच कर उनका इलाज किया जाता है। इस काम में भले ही कितना विलंब हो लेकिन वे घबराते नहीं है।

दिनचर्या सुधारने तथा नियमित व्यायाम की देते है सीख: डा बीरेन्द्र राम अपने मरीजों को दिनचर्या सुधारने, समय पर भोजन करने तथा नियमित व्यायाम करने की सीख देते है। वे दर्द निरोधक दवाईयों के बजाए मरीजों को व्यायाम के लिए प्रोत्साहित करते है। उनका मानना है कि दर्द निरोधक दवाईयों का साइड इफेक्ट होता है। जबकि व्यायाम व संतुलित भोजन से स्थायी लाभ मिलता है। उनका मानना है कि आहार व दिनचर्या हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।

सरल स्वभाव के कारण मरीजों के बने है चहेते: डा बीरेन्द्र न सिर्फ अच्छा इलाज करते है बल्कि वे काफी सरल स्वभाव के है। जिस कारण उनके मरीज उनसे काफी लगाव रखते है। मरीजों के प्रति उनका व्यवहार भी काफी अच्छा रहता है तथा अस्पताल में आने के बाद वे लगातार चौबीस घंटे अस्पताल आने वाले मरीजों का इलाज करते है। जिस कारण मरीज भी उनसे काफी खुश रहते है।

एक नजर

वरीय पदाधिकारियों के सामने पुलिस की किरकिरी कराने वाला ट्रक चालक व मालिक गिरफ्तार



डुमरांव। जिले के कोरानसराय थाना अंतर्गत एनएच 120 पर बुधवार की रात डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज तथा एसडीपीओ कुमार वैभव ओवर लोडेड वाहनों की धरपकड़ कर रहे थे। मौके पर कोरानसराय पुलिस भी थी। इसी दौरान बालू लदे दो ट्रक पदाधिकारियों व पुलिस टीम के सामने से भाग निकले। हांलाकि पदाधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कोरान सराय पुलिस ने दूर तक उनका पीछा किया था। लेकिन रात में रोड पर ट्रैफिक नहीं होने का लाभ उठा दोनों ट्रक चालक भागने में सफल रहे। इस घटना से स्थानीय पुलिस की पदाधिकारियों के सामने फजीहत हो गई थी। कोरान सराय पुलिस ने इसे चुनौती बना लिया था। पीछा करने के दौरान ही पुलिस ने दोनों ट्रकों का नंबर नोट कर लिया था। नंबर के आधार पर एक रामनाथ सिंह के डेरा निवासी मुन्ना कुमार की तथा दूसरी बीरेन्द्र यादव की निकली। पुलिस ने पहले ट्रक के साथ ही उसके चालक विक्की कुमार तथा दूसरे ट्रक के मालिक वीरेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरे ट्रक तथा उसके चालक की पड़ताल की जा रही है। कोरानसराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार की रात ओवरलोडिंग परिचालन के खिलाफ चलाए जा रहे जांच के दौरान दो ट्रकों के चालक भाग निकले थे। उन्होंने कहा कि एक ट्रक को जब्त कर लिया गया है। उसके चालक के साथ ही दूसरे ट्रक के मालिक को भी पकड़ा गया है। दोनों को शनिवार को जेल भेज दिया गया है।

ट्रेन से गिर युवक जख्मी, रेल पुलिस व यात्री कल्याण समिति ने कराया इलाज

डुमरांव। दानापुर डीडीयू रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिर एक युवक जख्मी हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही अचेतावस्था में आरपीएफ, जीआरपी तथा यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उसे तत्काल इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत स्थिर हो गई। युवक सिर में गहरी चोट लगने के कारण उसका ढेर सारा खून बह गया। जिससे वह बेसुध हो गया था। अनुमंडलीय अस्पताल में डा बीरेन्द्र राम के देखरेख में उसका इलाज किया गया। जख्मी युवक शमीम खां उम्र 37 वर्ष पिता नसीम खां भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के रानी सागर गांव रहने वाला है। जानकारी के अनुसार शनिवार को ही उसके साले नया भोजपुर के सद्दाम की शादी होने वाली थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह कुछ दिन पहले सूरत से आया था। कुछ जरूरी सामान खरीदन अपने गांव से दिलदार नगर गया था। वहा से मगध एक्सप्रेस से लौट रहा था। स्थानीय स्टेशन पर उतरने के दौरान वह गिर कर जख्मी हो गया। संयोग से वह ट्रेन की चपेट में नहीं आया। जिस कारण उसकी जान बच गई। इसकी जानकारी मिलते ही यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह तत्काल उसे इलाज के लिए आरपीएफ व जीआरपी के सहयोग से अस्पताल पहुंचाए। उन्होंने ही उसके परिजनों को भी इस मनहूस घटना की खबर दी। हालांकि इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ तथा होश आने के बाद उसने अपना नाम व पता बताया। जिसके बाद परिजनों तक सूचना पहुंची। गौरतलब है कि रेल यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ट्रेन से गिर जख्मी होने वालों के लिए वर्षो से देवदूत बने हुए है। अबतक वे ट्रेन से गिर जख्मी होने वाले सैकड़ो यात्रियों की जान भी बचा चुके है।

निबंधन कार्यालय के निर्माण कार्य का विधायक ने लिया जायजा

केटी न्यूज/डुमरांव



डुमरांव में निबंधन कार्यालय के निर्माण कार्य का माननीय डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निबंधन अधिकारी अजय कुमार भी उपस्थित रहे। कार्य पूर्ण होते ही निबन्धन कार्यालय खुल जाएगा। इससे पहले विधायक ने सूबे के मद्धनिषेध, उत्पाद एवं निबन्धन मंत्री सुनील कुमार से मिलकर डुमरांव में निबन्धन कार्यालय स्थापित कर निबंधन कार्य शुरू करने की मांग दोहराई थी। मंत्री के द्वारा निबंधन कार्यालय स्थापित करने हेतु अधिसूचना जारी किया जा चुका है। विधायक ने कहा कि डुमरांव नगर सहित अनुमण्डल के सभी सात प्रखंडों के लोगो को अगले महीने में निबन्धन से संबंधित कार्य के लिए अब जिला मुख्यालय बक्सर जाने की जरूरत नहीं होगी। जनता की दशकों की मांग थी कि अवर निबंधन कार्यालय डुमराँव में खोला जाए। जनता की जीत हुई है। जनता के सहूलियत के लिए हमारा अगला कदम होगा कि बक्सर जिला से सम्बंधित सभी दस्तावेज व रिकॉर्ड्स जो भोजपुर जिला मुख्यालय आरा से लोगों को निकलवाना पड़ता है उसे जिले में मंगाया जाए।

अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए सुनहरा मौका इंटर में प्रथम हैं तो मिलेंगे 15000 रुपये

केटी न्यूज / बक्सर

अल्पसंख्यक छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत इस साल इंटर में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण प्रत्येक छात्रा को प्रोत्साहन राशि के रूप में 15000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। इस सम्बंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी बक्सर जेएस पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से वर्ष 2022 में इण्टरमीडिएट प्रथम श्रेणी से उतीर्ण कुल 258 छात्रा की सूची एवं आवंटन प्राप्त है।

कई छात्राओं को प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाता में ट्रांसफर की जा चुकी है।

वैसी अल्पसंख्यक छात्राएं जिन्होंने इस साल इंटर प्रथम श्रेणी से उतीर्ण किया है, वे जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, बक्सर में आवश्यक कागजात जमा करें ताकि उनका भी प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा सके। अल्पसंख्यक छात्रा प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने इसके लिए अंक प्रमाण पत्र, प्रवेश प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता (लगभग दो माह पूर्व तक का अपडेट कॉपी के साथ), निवास प्रमाण, छात्रा का मोबाईल नम्बर। छात्रा स्वयं या अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से वांछित कागजात जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय बक्सर में जमा कर सकती हैं।

साइकिल से गहने चुराकर भाग रहा था बिहार व झारखंड का कुख्यात चोर, पुलिस ने दबोचा

केटी न्यूज/डुमरांव (बक्सर)

बिहार और झारखंड का एक कुख्यात चोर शुक्रवार की रात एक घर से गहने चुराने के बाद अपनी पहचान छिपाने के लिए साइकिल से भाग रहा था। लेकिन मुश्तैद कृष्णाब्रह्म पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी के गहने व अन्य आपति जनक सामान मिलने के बाद पहले पुलिस उसे साधारण चोर समझ रही थी। लेकिन जब उसने पुलिस को अपना नाम व जुर्मों की फेहरिस्त गिनाई तब पुलिस भौचक्क रह गई। गिरफ्तार चोर बालदेव शर्मा कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवां गांव का रहने वाला है। पुलिस की मानें तो वह रात में डुमरांव के सुमित्रा कॉलेज के पास स्थित शिवपुरी कॉलोनी के एक घर से गहने की चोरी किया था। इसके बाद वह अपनी पहचान छिपाने के लिए चुराए गए गहनों को एक बैग में रख साइकिल से अपने गांव जा रहा था। लेकिन शनिवार को अहले सुबह कृष्णाब्रह्म पुलिस एनएच 84 पर चौकियां गांव के पास गश्ती अभियान चला रही थी। इसी दौरान वह उधर से गुजर रहा था। पुलिस ने उसे जब रूकने का इशारा किया तो वह साइकिल छोड़ खेत में भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें गहने व कई अन्य आपतिजनक सामान मिले। पूछताछ में उसने बताया कि वह इन गहरों को डुमरांव के शिवपुरी मोहल्ले के एक घर से चुराया है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उस पर बिहार व झारखंड के थानों में चोरी, आर्म्स ऐक्ट तथा डकैती जैसे कुल नौ मामले दर्ज है।

14 पंचायतों में शुरू हुआ "स्वच्छ गांव-सुंदर गांव" अभियान

- 10 सितंबर से प्रारम्भ होकर 31 अक्टूबर तक संचालित होगा कार्यक्रम
- स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक



अभीयान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करते कर्मचारी

केटी न्यूज / बक्सर

सात निश्चय-2 अंतर्गत "स्वच्छ गांव-सुंदर गांव" के संकल्पित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने हेतु ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन की गति पर बल प्रदान करने, सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन तथा गांव की सौंदर्यात्मक स्थिति के स्थायित्व हेतु हमारा स्वच्छ-सुंदर गांव अभियान संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 10 सितंबर से प्रारम्भ होकर 31 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। आज दिनांक 24 सितम्बर को विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में श्रमदान, कचरा साफ-सफाई, स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत आइईसी गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जन-जागरूकता के कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्रह्मपुर में हरनाथपुर, निमेज, बक्सर (सदर) में जगदीशपुर, कमरपुर, रहसीचक, चौगाई प्रखण्ड में चौगाई एवं मुरार पंचायत में, डुमरांव प्रखण्ड में अरियाव, चिलहरी एवं सोवा पंचायत में, इटाढी प्रखंड में नारायणपुर पंचायत में, केसठ प्रखंड में कतिकनार एवं रामपुर पंचायत में एवं सिमरी प्रखंड में डुमरी पंचायत में किया गया। पंचायतों में जन-समुदाय द्वारा बढ़-चढकर नाली सफाई एवं कचरे के ढेर की सफाई की गई।

विशेष गतिविधि की विवरणी : सोवां पंचायत (डुमरांव) - डुमरांव प्रखंड के सोवां पंचायत में (वार्ड नं. 02 एवं वार्ड नं. 03) अन्तर्गत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु कार्यरत स्वच्छता कर्मी पुराने कचरे के ढेर का सफाई किया गया। साथ ही, नाली की निकासी का भी साफ-सफाई किया गया।

निमेज पंचायत प्रखंड ब्रह्मपुर: निमेज पंचायत में स्वच्छता कर्मी राजू सिंह के द्वारा घर-घर दस्तक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

रामपुर पंचायत (केसठ): केसठ प्रखंड ग्राम पंचायत रामपुर के शिवपुर गांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत समुदाय के साथ ठोस कचरा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला संसाधन सेवी, राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

चक्की पंचायत (चक्की): पंचायत चक्की के वार्ड नं. 11 में सामुदायिक बैठक किया गया। जिसमें ठोस कचरा पृथक्कीकरण पर आम समुदाय को जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड सदस्य, स्वच्छता कर्मी, स्वच्छाग्रही एवं जिला संसाधन सेवी त्रिभुवन सिंह मौजूद थे।

डुमरी पंचायत (सिमरी) : पंचायत डुमरी के वार्ड सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत डुमरी में माननीय मुखिया जी के अध्यक्षता में पंचायतों में चलाये जा रहे हमारा स्वच्छ सुंदर गांव अभियान के महत्व पर चर्चा किया गया।

नंदन पंचायत (डुमरांव): डुमरांव प्रखण्ड के नंदन पंचायत में डब्ल्यूपीयू निर्माण हेतु जमीन चयन की दिशा में कार्य प्रारंभ किया गया।

शहर छोटी खबरें

सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति की मौत



गाजीपुर। सैदपुर के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फारिदहां गांव के पास शनिवार की दोपहर को मार्ग पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटनास्थल से 108 एंबुलेंस के माध्यम से मृतक के शव को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर, उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। खानपुर थाना क्षेत्र के फरिदहां गांव निवासी राकेश चौहान 42 पुत्र स्वर्गीय मंगरु चौहान शनिवार की दोपहर को आवश्यक कार्य के लिए बाइक से खानपुर बाजार जा रहे थे। तभी गांव से थोड़ी दूरी पर किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

12 लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड का हुआ वितरण

गाजीपुर। जिले में आयुष्मान भारत योजना के चार वर्ष पूरे होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह रहे। इस कार्यक्रम में कुल 12 लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। वहीं, भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना टीबी मुक्त भारत पर भी चर्चा किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभ के बारे में बताया। साथ ही, जिले में चल रहे आयुष्मान पखवाड़ा के तहत 75000 परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य चल रहा है। उसमें छुटे हुए परिवार के लोगों से अपना आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवाने का आग्रह किया। ताकि किसी भी विशेष परिस्थिति में लोग इसका लाभ उठा सकें।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी एवं बिक्री की हुई शुरूआत

गाजीपुर। जिले में वोकल फॉर लोकल के अर्न्तगत जूट वाल हैंगिंग एवं अन्य उत्पादों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी एवं बिक्री का आयोजन लंका मैदान में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने सभी स्टालों का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में कुल 30 स्टाल लगाये गये है। सपना सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के इस सपने को पूरा करने के लिए उद्यमी आगे आए। अपने-अपने नये उद्योंगो को स्थापित कर लोंगो को रोजगार देने वाला बनें। उन्होंने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार उद्योगों को स्थापित करने हेतु कई सुविधायें व सहायता दे रही है।

रामलीला के सातवें दिन 'धनुष यज्ञ' व 'मीराबाई चरित्र भाग-2 लीला' का हुआ मंचन

- 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव का सातवां दिन

केटी न्यूज/बक्सर

श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान शनिवार को सातवां दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान 'मीराबाई चरित्र भाग-2 लीला' के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि मीराबाई को उनके ससुराल में पति के निधन के पश्चात जान से मारने का तरह तरह का प्रयोग करने के बावजूद भी मीराबाई बच जाती है। हरेक बार नारायण उनकी रक्षा करते



हैं। जिससे मीराबाई के के घर के लोग घबरा जाते हैं। यह देख मीराबाई की भक्ति और बढ जाती है वह महल को छोड़ वैराग्य को धारण कर लेती है। इस दृश्य को देख दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं।

सीता को धनुष उठाता देखने के बाद जनक ने स्वयंवर का किया आयोजनः वहीं, देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान 'धनुष यज्ञ' प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि राजा जनक भोलेनाथ से धनुष लेकर महलों में आते हैं और नित्य दिन उसकी पूजा करते हैं। एक दिन राजा जनक किसी कार्यवश महलों से बाहर होते हैं। उस दिन महारानी धनुष की पूजा करना भूल जाती है। यह देख सीता जी ने अपने एक हाथ से धनुष को उठाकर गोबर का चौका लगाकर उसका पूजन किया। यह बात जब राजा जनक है ने सुना कि जानकी ने एक हाथ से धनुष को उठाकर उसका पूजन किया तो उसी समय यह घोषणा करवा देते हैं कि जो राजा इस धनुष खंडन करेगा, उसी से मेरी किशोरी का विवाह होगा। इसके



लिए वह स्वयंवर का आयोजन करवाते है। सभा कक्ष तैयार किया जाता है। वहां विश्वामित्र सहित राम और लक्ष्मण भी आते हैं। जनक जी उनको उच्च आसन पर बिठाते हैं।

सभागार देश देशांतर से आए हुए राजाओं से भर जाता है। तभी बाणासुर और रावण का भीषण संवाद होता है। और दोनों सभागार से बाहर चले जाते हैं। तब धनुष यज्ञ की घोषणा होती है; और एक एक कर सभी राजा धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं और असफल हो जाते हैं। सभी राजाओं को धनुष उठाने में विफल होते देख जनक जी को क्रोध आ जाता है। वह सभागार के सभी राजाओं पर क्रोध करते हुए पृथ्वी को वीरों से खाली बता देते हैं। राजा जनक के इस प्रकार कहने से लक्ष्मण जी को गुस्सा आ जाता है तब श्री राम अपने गुरुदेव विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष का खंडन करते हैं। यह देख सभी देवता गण फूल बरसाते हैं। जानकी जी श्रीराम के गले में वरमाला पहनाती है । यह देख दर्शक रोमांचित हो जय श्री सीताराम का उद्घोष कर करने लगते हैं।

बस की छतों पर पर बैठ जान की बाजी लगा रहे है स्कूली छात्रः तार तार हो रहा परिवहन नियम

मुख्यमंत्री साइकिल योजना की उपयोगिता पर भी उठ रहा सवाल

केटी न्यूज। डुमरांव (बक्सर)

अनुमंडल की सड़कों पर हर दिन परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। चाहे ट्रकों पर ओवर लोड परिचालन हो या फिर यात्री वाहनों पर लटककर या उनके छप पर बैठ जानलेवा सफर। हर दिन अनुमंडल की सभी सड़कों पर पूरे दिन ऐसे नजारे देखने को मिलते है। लेकिन ताज्जूब कि प्रषासन व परिवहनन विभाग के साथ ही स्थानीय पुलिस भी इस देख कर मौन साधे हुए है। सबसे गंभीर समस्या यात्री बसों की छत पर बैठ स्कूली छात्रों के सफर की है। हर दिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्र बस की छतों पर बैठ सफर करते देखते जाते है। एनएच 84 और एनएच 120 दोनों प्रमुख सड़कों पर सुबह और शाम में यह



नजारा आम हो गया है। लेकिन प्रषासन को इसकी सुधि नहीं है। जानकारों का कहना है कि सुबह व शाम में आधा दर्जन से अधिक बसों की छतों पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र बैठे रहते है। जरा सी असावधानी से छात्र बस के नीचे गिर मौत को गले लगा सकते है। लेकिन न तो उन्हें रोकने के लिए प्रषासन आगे आता है और न ही बस संचालक ही परिवहन नियमों के माखौल उड़ाने से बाज आ रहे है। जिस कारण सरकार को राजस्व की क्षति पहुंच रही है तथा सड़कों का अस्तित्व भी चौपट हो रहा है।

परिवहन सुविधा के लिए ही दी जाती है साइकिलः राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री परिवहन योजना के तहत ही हाई स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल की राषि दी जाती है। ताकी दूर दराज से आने वाले छात्र-छात्राएं साइकिल से अपने स्कूल आ जा सके। लेकिन करीब एक दषक से चलाए जा रहे इस योजना के बावजूद बड़ी संख्या में हाई स्कूल के छात्र बसों की छतों पर बैठ जानलेवा सफर कर रहे है। जिससे महत्वपूर्ण योजना के उपयोगिता पर भी सवाल उठ रहा है। जानकारों का कहना है कि छात्रों द्वारा राषि लेने के बावजूद साइकिल नहीं खरीदी जा रही है। सिर्फ जुगाड़ से रषीद बनवा उसे जमा कर दिया जाता है। बसों की छतों पर बैठ सफर करने वाले छात्र इस बात की तस्दीक कर रहे है कि उनके पास साइकिल नहीं है।

उदासीन बना है स्कूल प्रबंधनः इस मामले में स्कूल प्रबंधन की भूमिका भी संजीदगी भरी नहीं है। स्कूलों में न तो छात्रों को परिवहन नियम तोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है और न ही उन्हें ऐसे सफर तथा दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी जाती है।

जागरूकता व जानकारी के अभाव में भी छात्र नियमों तथा सुरक्षा मानकों को ताक पर रख सफर कर रहे है। उनके अभिभाव भी उदासीन बने हुए है। जिसका गंभीर परिणाम किसी दिन भुगतना पड़ सकता है। वैसे लटक कर यात्रा करने या फिर वाहनों की छत पर बैठ सफर के दौरान कई लोग जख्मी भी हो चुके है। बावजूद इस पर लगाम नहीं लगाए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे है।

एक नजर

हत्या आरोपी के घर चस्पाया नोटिस



गाजीपुर । जिले के पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित बदमाश के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई की है। वांछित अपराधी के घर पहुंचकर डुगडुगी बजाते हुए कुर्की की नोटिस चस्पा किया। नंदगंज थानान्तर्गत इमिलिया गांव निवासी धीरज राय काफी दिनों से फरार है। जिसके विरुद्ध न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गाजीपुर ने 4 अगस्त को धारा 82 सीआरपीसी के अन्तर्गत नोटिस जारी की थी। जिसके क्रम में आज भारी संख्या में पुलिस बल इमलिया गांव पहुंचा औरब आरोपी धीरज राय के मकान एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों, मंदिर आदि पर नोटिस चस्पा किया। प्रचार प्रसार को इमिलिया सहित अन्य चट्टी चौराहों पर मुनादी कराई गई। नन्दगंज थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया ," 2021 फरवरी में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या मामले में धीरज वांछित चल रहा था। जो कि शातिर किस्म का अपराधी है। न्यायालय के आदेश पर धारा 82 की कार्यवाही की गई है और उसके घर समेत आसपास मुनादी कराते हुए कुर्की की नोटिस चस्पा की गई।

नव साल बाद दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप में मां-बेटे समेत चार को आजीवन कारवास

बलिया। करीब नौ साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मां-बेटा समेत चार को आजीवन कैद की सजा सुनाया। न्यायालय ने आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। पुलिस के अनुसार चितबड़ागांव थाने में साल 2013 में एक व्यक्ति ने महिला के दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद विवेचना कर प्रकरण से जुड़े आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। शनिवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए एफटीसी प्रथम कोर्ट ने चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के टीकादेवरी निवासी कौशल्या, उसके पुत्र उपेंद्र पाल के साथ ही दो भाई केदारनाथ पाल व सीताराम पाल को आजीवन कैद की सजा सुनाया। न्यायालय ने उपेंद्र, केदारनाथ व सीताराम को दुष्कर्म के आरोप से दोषमुक्त करते हुए हत्या के मामले में सजा सुनाया गया है।

विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया 'मीना' का जन्मदिन

गाजीपुर । जिले में शिक्षा क्षेत्र सादात के कम्पोजिट विद्यालय जगदीशपुर, कम्पोजिट विद्यालय बरहपार नसरतपुर सहित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और परिषदीय विद्यालयों में 'मीना' का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में केक काटा गया और विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। श्रेष्ठ बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कम्पोजिट विद्यालय जगदीशपुर मे मीना का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। विद्यालय की अध्यापिका जैनब रहमान ने 'मीना' के किरदार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीना एक ऐसी लड़की है जिसके मन में उमंग, उल्लास, सहानुभूति और सहायता का भाव है। तोता उसका प्यारा दोस्त है। चौबीस सितंबर को मीना का हर वर्ष जन्मदिन मनाया जाता है।

प्रशासन ने होटल गजल के ग्राउंड में मौजूद सभी दुकानों को कराया सील

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिला प्रशासन ने शनिवार को मुख्तार अंसारी के होटल गजल की इमारत में मौजूद दुकानें बंद करा दी। एसडीएम सदर प्रतिभा मिश्रा की अगुवाई में प्रशासन की टीम ने होटल गजल के ग्राउंड में मौजूद दुकानों को बंद कराया। बता दें कि गजल होटल पूर्व में कुर्क और ध्वस्त किया जा चुका है। होटल गजल के ग्राउंड फ्लोर में मौजूद दुकान भी सीज की गई हैं। लेकिन हाईकोर्ट ने रेंट एग्रीमेंट की समय सीमा तक दुकानदारों को दुकान खोलने की राहत दी थी। रेंट




एग्रीमेंट की समय सीमा खत्म होने पर प्रशासन ने आज कार्रवाई की। एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि गजल होटल के नीचे की दुकानों का रेंट एग्रीमेंट 31 अगस्त तक के लिए हुआ था। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में दुकानों को रेंट एग्रीमेंट की अवधि तक के लिए छूट दी गई थी। रेंट एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने पर अब दुकानों को सीज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एक नवंबर 2020 में मुख्तार के बेटों और पत्नी के नाम से चलने वाले होटल गजल के प्रथम तल और द्वितीय तल को अवैध निर्माण बताकर जिला प्रशासन ने ध्वस्त करा दिया था। भूतल पर बनी 17 दुकानें किराएदारी पर होने के कारण ध्वस्त नहीं की गई।

बीएसए ने साफ किया शौचालय व बच्चों के साथ खाया खाना

गाजीपुर । जिले में बीएसए हेमंत राव एक प्राथमिक स्कूल में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। स्कूल में उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रांगण में झाड़ू लगाना शुरू किया। इसके उपरांत जब उन्होंने देखा कि टॉयलेट भी गंदा है, तो ब्रश उठाकर उसे साफ करने लगे। एक दिन पहले रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा हाथों से टॉयलेट साफ करने की वजह से चर्चा में आए थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर हेमंत राव प्राथमिक विद्यालय नूरपुर सदर में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने यहां पर सफाई अभियान की शुरूआत की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वहां मौजूद सभी बच्चों को स्वच्छता पर शपथ दिलाते हुए जागरूक भी किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा स्वस्थ मस्तिष्क में स्वस्थ विचारों का संचार होता है और जब हम अपने आप को स्वच्छ रखेंगे, तभी ज्ञान को आत्मसात करने में आसानी होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर खाना भी खाया। उसके बाद बीएसए ने विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों और ग्राम प्रधान के साथ बैठक की। विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने के लिए सकारात्मक सहभागिता का आह्वान भी किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर, ग्राम प्रधान रमेश यादव, प्रधानाध्यापक उषा किरन आदि लोग उपस्थित थे।

संसार के बारे में जानने से बैराग्य हो जाएगा और परमात्मा को जानने से प्रेम हो जाएगा

श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि संसार में जितनी भी दिखने वाली वस्तुएं हैं वे सब नास्वर है।ईश्वर प्राप्ति में यह सब बाधा है। क्योंकि जब तक संसार से बैराग्य नहीं होगा जब तक ईश्वर की प्राप्त नहीं हो सकती।जब मनुष्य संसार के बारे में हकीकत जान लेगा तो उसे बैराग्य ले लेगा लेकिन जब ईश्वर के बारे में जान लेगा तो उनसे प्रेम हो जाएगा। भगवान की तरफ खिंचाव होने का नाम भक्ति है। भक्ति कभी पूर्ण नहीं होती। प्रत्यूष उत्तरोत्तर बढ़ती ही रहती है। भेद मत में होता है प्रेम नहीं। प्रेम संपूर्ण मत वादों को खा जाता है।भागवत प्रेम में जो आनन्द है वह ज्ञान में नहीं है। ज्ञान में तो अखंड आनन्द है पर प्रेम में अनंत आनन्द है। तपस्या से प्रेम नहीं मिलता प्रत्यूष शक्ति मिलती है। प्रेम भगवान में अपनापन होने से मिलता



है। जिसका मिलना अवश्यंभावी है उस परमात्मा से प्रेम करो और जिसका बिछुड़ना अवश्यंभावी है उस संसार की सेवा करो। प्रेम वही होता है जहां अपने सुख और स्वार्थ की गंदगी नहीं होती। जब तक साधक अपने मन की बात पूरी करना चाहेगा तब तक उसका न शगुण में प्रेम होगा न निर्गुण में। जो चीज अपनी होती है वह सदा अपने को प्यारी लगती है। अतः एकमात्र भगवान को अपना मान लेने पर भगवान में प्रेम प्रकट हो जाता है। जब तक संसार से प्रेम है तब तक भगवान में असली प्रेम नहीं है।जब तक नाशवान की तरफ खिंचाव रहेगा तब तक साधन करते हुए भी भगवान की तरफ खिंचाव और उसका अनुभव नहीं होगा। प्रेम मुक्ति से भी आगे की चीज है मुक्ति तक तो जीव रस का अनुभव करने वाला होता है। पर प्रेम में वह रस का दाता बन जाता है। ज्ञान मार्ग में दुख बंधन मिट जाता है और स्वरूप में स्थित हो जाताहै। पर मिलता कुछ नहीं। परंतु भक्ति मार्ग में प्रतिक्षण प्रेम मिलता है।

पुलिस का खुलासा : आत्महत्या नहीं, दादा व पोते ने लाठी से मार की थी राम अशीष की हत्या, जेल

19 सितम्बर को अपने पिता से शराब की नशे में उलझा था राम आशीष पुत्र ने मारी थी सिर पर लाठी

मृतक के छोटे भाई ने दी थी फंदे पर लटने की सूचना

केटी न्यूज/गाजीपुर

जमनिया में पांच दिन पूर्व आशीष हत्याकांड का खुलासा हो गया। जिसमें दादा और पोते ने मिलकर की है। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस के द्वारा शनिवार की दोपहर दी गई। जिसके बाद दादा व पोते को जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि ताजपुर माझा गांव में? 19 सितम्बर को राम अशीष यादव 50 वर्ष की हत्या हुई थी।



पुलिस ने मृतक के छोटे पुत्र राहुल सिंह यादव और पिता संग्राम सिंह यादव को आज हत्या में प्रयुक्त डंडे के साथ आरोपियों के गांव ताजपुर मांझा स्थित एक मन्दिर के पास से दबोच कर जेल भेज दिया। सीओ ने बताया कि बीते 19 सितंबर यानि सोमवार की रात्रि को कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर मांझा निवासी कमलेश सिंह यादव ने सूचना दिया कि उसका बड़ा भाई राम अशीष यादव 50 वर्ष घर में? फंदे पर लटक रहा है, जिसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज छानबीन में जुट गई थी। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राम अशीष की मृत्यु फंदे पर लटकने से नहीं बल्कि सर पर गम्भीर लाठी के चोट हड्डी टूटने से हुई थी।

पुत्र ने डंडे से किया था प्रहार जिसमें टूटी थी सिर की हड्डी

पुलिस ने बताया कि इलायचीपुर उर्फ डिग्री में पिता के द्वारा बनाए गए मकान का अपना हिस्सा अपने बड़े लड़के रोहित के नाम कर दिया,और राहुल की प्रेम विवाह करके लाई गयी पत्नी को घर से भगा दिया था। इन्ही कारणों से आए दिन दादा व पोता नाराज चल रहे थे, इसी बीच घटना वाले दिन राम अशीष शराब के नशे में घर पहुंचा और पिता पुत्र से उलझ गया, जिसके बाद पुत्र राहुल ने पिता को डंडे से सर पर मार दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई, जिसके बाद दोनों ने मृतक को फंदे पर लटका दिया।